# महज 150 मीटर सड़क नहीं बन पाने से मरीजों को हो रही परेशानी

## आये दिन शिकायतों के बावजूद सुध नहीं ले रहा प्रशासन

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** रोटी कपड़ा और मकान की पहली प्राथमिकता के बाद स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों महत्वपूर्ण पहलू हैं इनमें भी सबसे पहले स्वास्थ्य सुविधाओं को ही पहले पायदान पर रखना पड़ता है। ऐसा ही एक उदाहरण चांवरपाठा विकासखंड के समीपी प्रतिष्ठित ग्राम डोभी में सामने आया है। जहां शासन ने लाखों रुपए खर्च करके हाल ही में नवीन अस्पताल तो बनवा दिया है लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए मरीजों को अपनी सेहत बीमारी का इलाज कराने के लिए दुर्गम सड़क से होकर जाना पड़ता है। यहां तक जाने के लिए




पक्का सड़क मार्ग नहीं बन सका है। जिस कारण से बरसात के मौसम में अस्पताल तक जाने कच्चे कीचड़ युक्त सड़क से बड़े-बड़े गड्ढों से आना जाना पीड़ित मरीजों की मजबूरी बना हुआ है।आने वाले मरीजों अस्पताल स्टाफ और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हमारे प्रतिनिधि को ग्रामीणों ने बताया कि सड़क कि स्थिति खराब होने के कारण दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर गिरते हैं। इस मार्ग पर कई बार दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की समस्या बनी हुई है। लेकिन न तो मार्ग पर पर्याप्त मुरम डाली जा रही है।और न ही अब तक पक्की सड़क का निर्माण हो सका है।सबसे अधिक परेशानी उस समय होती है जब किसी मरीज को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाना पड़ता है। खराब और कच्ची सड़क के कारण मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में दिक्कत आती है।

### विभाग एवं प्रशासन से मांग

जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि डोभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक जाने वाली सड़क का शीघ्र निर्माण एवं सुधार कार्य कराया जाए। जिससे मरीजों अस्पताल कर्मचारियों और ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिल सके। ग्राम के प्रतिष्ठित शिवकुमार शर्मा का कहना है कि सरकारी अस्पताल से यहां की सड़क लंबे समय से नहीं है। जिसमें आने जाने वाले मरीजों को परेशानी होती है। प्रशासन से मांग करते हैं शीघ्र ही पक्की सड़क बनाने की दिशा में उचित पहल हो।डोभी के ही देवेंद्र जैन का कहना है कि कई बार बच्चों को अस्पताल ले जाते समय बाइक फिसलने से बाल बाल बचे। मिट्टी और गड्ढे बने हुए हैं।कच्ची सड़क पर चलना दूभर हो जाता है। कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। संबंधित विभाग एवं प्रशासन से मांग करते है कि शीघ्र ही पक्की सड़क बनाने की कार्यवाही करें। गांव के ही तेजप्रकाश राय का कहना है कि बुजुर्ग व्यक्तियों मरीजों एवं महिला मरीजों को आए दिनअस्पताल जाना पड़ता है। कच्ची सड़क एवं गड्ढे होने के कारण आने जाने में बहुत परेशानी होती है।

# लिलवानी नदी किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**गाडरवारा।** ग्राम लिलवानी, तहसील गाडरवारा के थाना पलोहा क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब लिलवानी नदी के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना सामने आई। नदी किनारे शव मिलने की खबर तेजी से आसपास के क्षेत्र में फैल गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही पलोहा थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई की तथा शव का पंचनामा तैयार किया जा रहा है।



**मृतक की पहचान अब तक नहीं:** मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है। मृतक की उम्र, हुलिया एवं अन्य पहचान संबंधी जानकारी के आधार पर उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

**मौत कैसे हुई, जांच में जुटी पुलिस:** अज्ञात व्यक्ति की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। यह हादसा है या व्यक्ति की मौत के पीछे कोई अन्य कारण है, इसका खुलासा पुलिस जांच एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। पुलिस द्वारा घटनास्थल की जांच के साथ-साथ आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। शव को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया भी की जा रही है। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि नदी किनारे मिला यह अज्ञात व्यक्ति कौन है और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई? पुलिस मामले की हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।

## एक नजर में

### रोटरी क्लब का शिक्षक सम्मान समारोह आज

**गाडरवारा।** रोटरी क्लब ऑफ गाडरवारा द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सम्माननीय गुरुजनों के सम्मान के लिए समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष शिक्षक सम्मान समारोह के लिए स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का चयन किया गया है। क्लब द्वारा विद्यालय के शिक्षकों के सम्मान में 5 सितंबर 2026, शनिवार को दोपहर 1:30 बजे सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान कर उनके शिक्षा एवं समाज निर्माण में दिए जा रहे योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाएगी।

### जिले में अब तक औसत 844.8 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 4 सितम्बर तक की अवधि में औसत रूप से कुल 844.8 मिमी वर्षा दर्ज की गयी है। 4 सितम्बर की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसत 30 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसी क्रम में जिले की तहसील नरसिंहपुर में 78 मिमी, गाडरवारा में 12 मिमी, गोटेगांव में 25 मिमी, करेली में 24 मिमी और तेंदूखे?ा में 11 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। तहसीलदार भू- संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 सितम्बर तक तहसील नरसिंहपुर में 904 मिमी, गाडरवारा में 804, गोटेगांव में 982 मिमी, करेली में 774 मिमी और तेंदूखे?ा में 760 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसत 1294.2 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 1268 मिमी, गाडरवारा में 1564 मिमी, गोटेगांव में 1138 मिमी, करेली में 1135 मिमी और तेंदूखड़ा 1366 मिमी वर्षा हुई थी।

### नीतीश सोने बने डिप्टी सीसीएम (एफएम)

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने ऑपरेटिंग-कॉमर्शियल विभाग में अफसरों के तबादले किये हैं इन तबादलों में जबलपुर रेल मंडल में डीसीएम नीतेश कुमार सोने को पदोन्नति पर पमरे मुख्यालय में डिप्टी सीसीएम (एफएम) के पद पर नियुक्त किया गया है अन्य तबादलों में श्याम सिंह बरेडिया सीनियर डीसीएम 2 भोपाल को डिप्टी सीओएम गुड्स, डॉ. जाधव प्रमोद पंडित डीओएम कोचिंग एंड प्लानिंग भोपाल को सीनियर डीओएम 2 भोपाल एंड प्रिंसिल जोनल ट्रेनिंग सेंटर भोपाल, एके शुक्ला प्रिंसिपल जोनल ट्रेनिंग सेंटर से डिप्टी सीओएम मुख्यालय जबलपुर व नीतेश कुमार सोने मंडल वाणिज्य प्रबंधक (डीसीएम) जबलपुर को पदोन्नति पर डिप्टी सीसीएम एफएम मुख्यालय स्थानांतरण का आदेश जारी किया गया है।

### आंगनवाड़ी सहायिका की अनंतिम चयन सूची जारी

**नवभारत,जबलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी क्रमांक-4 द्वारा खेरमाई वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-30, दीनदयाल वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-94 एवं चितरंजन दास वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-89 में सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति की प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों की अनंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। अनंतिम चयन सूची का अवलोकन एमपी ऑनलाईन चयन पोर्टल पर किया जा सकता है तथा चयनित अभ्यर्थियों के विरूद्ध सात दिवस के भीतर चयन पोर्टल पर ही दावे-आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं। दावे-आपत्ति केवल ऐसी महिला अभ्यर्थियों द्वारा ही दर्ज कराई जा सकेंगी।

# दो दिवसीय पत्रकार महाधिवेशन जबलपुर में 5-6 सितंबर को

**नवभारत/ करेली।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जबलपुर संभागीय इकाई के तत्वावधान में दो दिवसीय पत्रकार महाधिवेशन का आयोजन 5 व 6 सितंबर को कचनार क्लब, विजय नगर जबलपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा 5 सितंबर पहले दिन संभागीय इकाई की बैठक आयोजित होगी। इसमें जबलपुर संभाग के अंतर्गत आने वाली सभी जिला इकाइयों के अध्यक्ष एवं महासचिव अपनी इकाई के वार्षिक कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। साथ ही वार्षिक कैलेंडर के अनुसार आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देंगे। पांच सितंबर को सभी पदाधिकारी शाम पांच बजे तक जबलपुर पहुंचने की कोशिश करें जिससे रात्रि सात बजे से हम सब मिलकर बैठक प्रारंभ कर देंगे 6 सितंबर - दूसरे दिन मुख्य पत्रकार महाधिवेशन आयोजित होगा। इसमें जबलपुर संभाग के सभी पत्रकार साथी शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी पदाधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।रवींद्र शर्मा संभागीय अध्यक्ष,जिला अध्यक्ष भागीरथ तिवारी महासचिव राजकुमार कौरव ,संभागीय उपाध्यक्ष राम जी चौधरी ,सतीश लवानिया ,महेंद्र तिवारी ,गीत गोविंद पटेल ,सन्ना खान ,भगत राम पटेल ,अमित रघुवंशी,आदि ने संभागीय सम्मेलन की उपस्थित का आग्रह किया हैं।

# संत रविदास के जीवन, तपस्या और विचारों से प्रेरणा लें

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जीवन, तपस्या और विचारों से समाज को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। संत रविदास जी ने अपने ज्ञान, भक्ति, कर्म और सामाजिक समरसता के संदेश से समाज को नई दिशा दी। आज उनके विचारों को व्यापक स्तर पर समाज तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। मंत्री पटेल ग्राम मुंगवानी मंडल के ग्राम देवनगर स्थित नया हनुमान मंदिर प्रांगण में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित 'कलश वंदन यात्रा' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सागर में संत रविदास जी के भव्य मंदिर निर्माण के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह संत रविदास जी के प्रति समाज की श्रद्धा और उनके विचारों के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें केवल संत रविदास जी की जयंती मनाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके जीवन और संदेश को आत्मसात करना चाहिए। मंत्री पटेल ने कहा कि संत रविदास जी ने ऐसे समय में समाज को दिशा दी, जब सामाजिक भेदभाव और छुआछूत जैसी कुरीतियां गहराई तक मौजूद थीं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने ज्ञान, भक्ति, कर्म और सामाजिक समरसता का मार्ग अपनाया। उनके जीवन का सबसे बड़ा संदेश है कि मनुष्य की श्रेष्ठता उसके जन्म से नहीं, बल्कि उसके ज्ञान, कर्म, आचरण और भक्ति से निर्धारित होती है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी की प्रतिभा, आध्यात्मिक चेतना और विचारों ने समाज के विभिन्न वर्गों को भक्ति, समानता और मानवता के सूत्र में जोड़ने का कार्य किया। उनका प्रभाव किसी एक क्षेत्र या समुदाय तक सीमित नहीं रहा। उनकी शिष्या के रूप में भक्त शिरोमणि मीराबाई का नाम भी श्रद्धा से लिया जाता है। मंत्री पटेल ने कहा कि यदि समाज संत रविदास जी के जीवन और संदेश से प्रेरणा लेकर जातिगत भेदभाव और छुआछूत से ऊपर उठकर एकता, समरसता और मानवता को अपनाए, तो यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



# मन मोहती है राधा कृष्ण की अद्भुत छवि

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण राधा रानी के मंदिरों में छवियां मनमोह लेती हैं। इन्हीं में से एक समीपी ग्राम इमझिरा में दीवान परिवार द्वारा बनवाए गए इस प्राचीन मंदिर में विराजमान राधाकृष्ण की छवि जनाकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। जन्माष्टमी पर विविध धार्मिक आयोजन यहां पर हुआ करते हैं। ग्राम के सभी वर्गों के लोग मिलकर भजन कीर्तन कर जन्मोत्सव मनाते हैं। प्रतिदिन पूजन अर्चन के साथ रात्रि में आरती के समय श्रद्धालु उपस्थित हुआ करते हैं। पूर्वजों द्वारा बनवाए गए इस मंदिर की छवि और कलाकृति अलग ही है। वर्तमान में दीवान परिवार द्वारा ही इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

# विकासखंड गोटेगांव में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर विकासखंड गोटेगांव के समस्त शासकीय विद्यालयों में उत्साह और उल्लास के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन-मटकी फोड़, रासलीला एवं गीता उपदेश पर आधारित आकर्षक झांकियां सजाई गईं। झांकियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके संदेशों का सुंदर और सजीव चित्रण किया गया। छात्र-छात्राओं ने श्रीकृष्ण की लीलाओं पर



आधारित नाटक, नृत्य एवं भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। राधा-कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसरों में भक्ति एवं उत्सव का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों, कर्तव्यबोध एवं संस्कारों से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य, कर्तव्य, कर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ उनमें रचनात्मकता, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना का भी संचार किया।

# विकासखंड स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता

**बालक-बालिका के अंडर-14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के मुकाबले आयोजित, जिला स्तरीय टीम का चयन**

**नवभारत/ गाडरवारा।** गत दिवस स्थानीय पीएमश्री बीटीआई स्कूल में विकासखंड स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में साईंखेड़ा विकासखंड के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य सुनीता पटैल एवं विकासखंड खेल प्रभारी सुनीता पटैल के मार्गदर्शन में किया गया। मैदान पर खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी ऊर्जा के साथ खेलते हुए अनुशासन, टीम भावना एवं खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजन के दौरान निर्णायकों एवं खेल शिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विशेष नजर रखी गई। विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चिन्हित किया गया। प्रतियोगिता के समापन उपरांत चयन प्रक्रिया के माध्यम से जिला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की टीम का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में साईंखेड़ा विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अजय सोनी, देवेंद्र रजक, आदित्य द्विवेदी, ज्योति धानक, कृष्णा थापा, यूनुस हुसैन, प्रीति ठाकुर, रुचि शुक्ला सहित पीएमश्री बीटीआई स्कूल के समस्त स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन के दौरान विद्यालय के शिक्षकों एवं खेल प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता को व्यवस्थित एवं सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# 7 सितम्बर से शुरू होंगी स्कूलों की त्रैमासिक परीक्षाएं

**कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की परीक्षाएं 15 और 17 सितंबर को होंगी समाप्त**

**नवभारत/ गाडरवारा।** क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 की त्रैमासिक परीक्षाओं का दौर 7 सितंबर, सोमवार से शुरू होने जा रहा है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं को लेकर विद्यालय स्तर पर तैयारियां पूरी की जा रही हैं। लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 9वीं एवं 10वीं की परीक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होंगी।


### पहले दिन अलग-अलग विषयों के पेपर

परीक्षा के पहले दिन कक्षा 9वीं का गणित, कक्षा 10वीं का अंग्रेजी, कक्षा 11वीं का अंग्रेजी तथा कक्षा 12वीं में भौतिकी/अर्थशास्त्र विषय का प्रश्नपत्र होगा। निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार हाईस्कूल स्तर की त्रैमासिक परीक्षाएं 15 सितंबर को तथा हायर सेकंडरी स्तर की परीक्षाएं 17 सितंबर को समाप्त होंगी। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# नरसिंहपुर में पहली बार जिला स्तरीय पिकलबॉल टूर्नामेंट

**गाडरवारा में 6 सितंबर को होगा आयोजन, जिले की प्रतिभाओं को मिलेगा राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर**

**नवभारत/नरसिंहपुर।** जिले में पिकलबॉल खेल को बढ़ावा देने और स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। नरसिंहपुर पिकलबॉल एसोसिएशन के प्रयासों से जिले में पहली बार जिला स्तरीय पिकलबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन 6 सितंबर 2026 को अन्नपूर्णा हॉल, नगर पालिका गाडरवारा में होगा। जिले में पहली बार आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता नरसिंहपुर के खेल जगत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के पिकलबॉल खिलाड़ियों को एक मंच पर अपनी प्रतिभा, खेल कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में अंडर-19, सीनियर पुरुष, सीनियर महिला एवं 35 प्लस वर्ग में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। खिलाड़ियों के लिए सिंगल्स, डबल्स एवं मिक्स्ड डबल्स प्रारूप में प्रतियोगिताएं होंगी। इससे विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों को अपनी क्षमता के अनुरूप प्रतिस्पर्धा करने और बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि इसके बाद 11 से 13 सितंबर 2026 तक इंदौर में 10वीं मध्यप्रदेश स्टेट पिकलबॉल चैंपियनशिप आयोजित होगी। जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगे AIPA National 2026, कोच्चि (केरल) में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। इस तरह यह प्रतियोगिता जिले के खिलाड़ियों के लिए जिला से राज्य और राज्य से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की महत्वपूर्ण सीढ़ी साबित हो।



# शिक्षक दिवस पर NTPC गाडरवारा ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**नवभारत, गाडरवारा।** भारत के महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा अपनी सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत एक विशेष शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख, हिम्मत सिंह चौहान थे। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख, भास्कर गुप्ता तथा खंड शिक्षा अधिकारी, वीरेंद्र सिंह राजपूत भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनटीपीसी गाडरवारा के परियोजना प्रभावित ग्रामों (PAVs) एवं आसपास के गांवों के शिक्षकों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के निर्माण एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षकों द्वारा किए जा रहे अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया गया। इस विशेष पहल से सभी शिक्षक अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित दिखाई दिए। शिक्षकों ने एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा शिक्षा एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए इस पहल के लिए एनटीपीसी गाडरवारा के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। एनटीपीसी गाडरवारा सदैव अपने परियोजना प्रभावित एवं आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास तथा शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी** | **भगवान श्रीकृष्ण का विधि-विधान से किया पूजन, गौमाता को पहनाया रक्षा सूत्र**

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गौशाला में दिखी गौसेवा

**नवभारत/ चीचली।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत टिकटोली, जनपद पंचायत चीचली अंतर्गत ग्राम बाम्हनवाड़ा स्थित श्यामा गौशाला में धार्मिक आस्था, गोसेवा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की गई। भगवान श्रीकृष्ण का गौमाता से विशेष संबंध होने के कारण गौशाला में गौपूजन को भी कार्यक्रम का प्रमुख हिस्सा बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान



गौमाता को रक्षा सूत्र पहनाकर उनकी पूजा-अर्चना की गई। उपस्थितजनों ने गौसेवा एवं गौ संरक्षण को अपनी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए गौवंश की सेवा, सुरक्षा और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन गोसेवा, प्रकृति प्रेम और लोककल्याण की प्रेरणा देता है। ऐसे में जन्माष्टमी के अवसर पर गौशाला में गोसेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना पर्व की सार्थकता को और बढ़ाता है।

### मां नर्मदा को स्वच्छ रखने का लिया सामूहिक संकल्प

कार्यक्रम में धार्मिक आयोजन के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी विशेष महत्व दिया गया। उपस्थितजनों को मां नर्मदा को प्रदूषण मुक्त रखने, नदी में कचरा एवं गंदगी नहीं डालने तथा उसकी स्वच्छता एवं पवित्रता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। सभी ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि मां नर्मदा की निर्मलता बनाए रखने के लिए स्वयं जागरूक रहेंगे और समाज के अन्य लोगों को भी नर्मदा स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेंगे।

# साईखेड़ा में धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

**नवभारत/ साईखेड़ा।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पावन पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी नगर साईखेड़ा में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी को लेकर नगरवासियों में सुबह से ही खासा उत्साह देखने को मिला। नगर के राधा-कृष्ण मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों और घरों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की गईं। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाओं को सुंदर वस्त्र, आभूषण एवं फूलों से सजाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन और धार्मिक वातावरण बना रहा। शाम होते ही मंदिरों और घरों में सजाई गई



आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। नगर के विभिन्न स्थानों पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा की वेशभूषा धारण कर मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। छोटे-छोटे कान्हा और राधा के रूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। कई स्थानों पर मटकी फोड़ कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। घर-घर में भी जन्माष्टमी की विशेष रौनक देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजाकर पूजा-अर्चना की तथा भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का समय नजदीक आते ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिरों में घंटे-घड़ियाल और शंखनाद गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' और 'राधे-राधे' के जयकारों के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशियां मनाईं। इसके बाद भगवान की विशेष आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।